# लद्दाख में राफेल और मिराज की गर्जना से दहशत में चीन

## नकली बम धमाकों की आवाज सुनी गई और हर तरफ सायरन गूंजते रहे

चालाकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। लद्दाख में राफेल फाइटर जेट की गर्जना से घबराया चीन अब तिब्बत की राजधानी ल्हासा में भारतीय वायुसेना के हवाई हमले से बचाव की तैयारी में पूरी तरह से जुट में गया है। चीन ने शनिवार को ल्हासा में हवाई हमले से बचाव का ड्रिल किया। इस दौरान मॉक ड्रिल के दौरान नकली बम धमाकों की आवाज सुनी गई और हर तरफ सायरन गूंजते रहे। इस मॉक ड्रिल के दौरान ल्हासा के लोग अपने घरों में छिपे रहे।

तिब्बत पर नजर रखने वाली नामचीन वेबसाइट रेडियो फ्री एशिया की रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार को हवाई हमले से बचाव के सायरन ल्हासा में बजाए गए। इस मॉक ड्रिल को पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने शनिवार को अंजाम दिया। रेडियो फ्री एशिया को यह वीडियो सिटिजन जर्नलिस्ट की ओर से मिला है। माना जा रहा है कि भारत के राफेल फाइटर जेट के लद्दाख के आसमान में गर्जना के बाद चीन अपनी युद्धक तैयारियों को



बढ़ाने में जुट गया है।

**चीन ने रात में हमले करने का व्यापक युद्धाभ्यास किया:** इससे पहले भारत और चीन में जारी भारी तनाव के बीच चीनी सेना पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने लद्दाख के पास अपने इलाके में रात में हमले करने का व्यापक युद्धाभ्यास किया था। इस अभ्यास के दौरान चीनी तोपों ने जहां गोले बरसाए, वहीं जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का भी परीक्षण किया गया। चीनी सेना के एयर डिफेंस सिस्टम ने दुश्मन के हवाई जहाजों को भी मार गिराने का अभ्यास किया था।

चीन के सरकारी भोपू ग्लोबल टाइम्स ने एक वीडियो जारी करके बताया कि तिब्बत सैन्य कमांड के चीनी सैनिकों ने रात में हमले का व्यापक अभ्यास किया है। यह अभ्यास समुद्र तल से 4500 मीटर की ऊंचाई पर किया गया। इस दौरानी चीनी सेना ने सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, रॉकेट और होवित्जर तोपों का इस्तेमाल किया। चीनी एयर डिफेंस सिस्टम ने फाइटर जेट को मार गिराने का अभ्यास किया।

**राफेल लद्दाख के आसमान में उड़ान भर रहा:** चीन ने यह युद्धाभ्यास ऐसे समय पर किया है जब भारत का सबसे आधुनिक फाइटर जेट राफेल लद्दाख के आसमान में उड़ान भर रहा है। सूत्रों के मुताबिक राफेल पायलटों ने अंबाला से लद्दाख तक विमानों को उड़ाया। दरअसल, ये एक प्रैक्टिस के तौर पर किया गया। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि राफेल पायलट वहां के मौसम और वातावरण से परिचित हो जाएं। अगर चीन किसी भी तरह की गुस्ताखी करे और राफेल की जरूरत पड़े तो उसके पायलट इस वातावरण से पहले से ही परिचित हों। रविवार को रक्षा सूत्रों ने कहा कि सीमा पर कुछ मिराज विमान भी उड़ान भरते देखे गए हैं। वायुसेना ने बीते 10 सितंबर को अंबाला एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित एक समारोह में राफेल विमानों को वायुसेना में शामिल किया था। इससे पूर्व जुलाई के आखिर में फ्रांस से पांच राफेल विमान अंबाला पहुंचे थे।

## न्यूज डायरी



### पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने बुलाई गुप्त बैठक, भिड़े बाजवा और बिलावल भुट्टो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान सरकार ने पाक अधिकृत कश्मीर के विवादित इलाके गिलगित–बाल्टिस्तान को प्रांत का दर्जा देने का फैसला किया है। अब तक आजाद कश्मीर का राग अलापने वाले पाकिस्तान ने ऐलान किया है कि गिलगित–बाल्टिस्तान में चुनाव भी कराए जाएंगे। पीओके को लेकर पाकिस्तान की इस इस नापाक साजिश को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान के गिलगित प्लान के पीछे पाकिस्तानी सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा का हाथ है। पाकिस्तानी के चर्चित पत्रकार रऊफा क्लासरा के मुताबिक पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने गिलगित को लेकर पिछले दिनों देश की सभी बड़ी पार्टियों के नेताओं को सेना मुख्यालय रावलपिंडी में आयोजित दावत में बुलाया था। इसमें नवाज शरीफ के भाई शाहबाज शरीफ, आसिफ अली जरदारी के बेटे बिलावल भुट्टो जरदारी समेत पाकिस्तानी सियासत के कई दिग्गज नेता शामिल हुए थे। इस दौरान आईएसआई के प्रमुख भी मौजूद थे।

### डोकलाम के बाद भारत से टक्कर के लिए बड़ी रणनीति पर काम कर रहा चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। भूटान से लगे डोकलाम में वर्ष 2017 में भारत के सख्त रुख के बाद पीछे हटने को मजबूर हुए चीन ने पिछले तीन साल में वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगे अपने इलाके में हवाई ठिकानों की संख्या को दोगुना कर दिया है। इसके अलावा भारतीय विमानों और मिसाइलों को मार गिराने के लिए एयर डिफेंस पोजिशन और हेलीपोर्ट की संख्या को भी बढ़ाकर दोगुना कर दिया है। चीन ने यह तैयारी लद्दाख में तनाव पैदा करने के ठीक पहले की जिससे उसकी मंशा अब खुलकर सामने आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक डोकलाम में भारत से मिले झटके के बाद चीन ने अपने रणनीतिक लक्ष्यों में बदलाव किया। वैश्विक खुफिया निगरानी संस्था स्टार्टफोर की ओर से जारी इस रिपोर्ट में सैटलाइट तस्वीरों के हवाले से कहा गया है कि चीन के इन सैन्य ठिकानों का सीधा असर भारतीय सुरक्षा पर पड़ रहा है।

### कोरोना वायरस के खिलाफ रक्षा कवच बन रहा डेंगू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियो डी जनेरियो। कोरोना वायरस से जूझ रही पूरी दुनिया के लिए एक अच्छी खबर है। ब्राजील में हुए एक शोध में डेंगू के प्रसार और कोरोना वायरस के बीच संबंध निकल सामने आया है। इस शोध में पता चला है कि कि डेंगू बुखार कोरोना वायरस महामारी से बचाव में रक्षा कवच बन रहा है। डेंगू लोगों को कुछ हद तक रोग प्रतिरोधक क्षमता दे रहा है जो कोरोना वायरस से जूझने में मदद कर रहा है। ड्यूक यूनिवर्सिटी में प्रफेसर मिगुइल निकोलेलिस ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स से बातचीत में वर्ष 2019 और 2020 में डेंगू बुखार के साथ कोरोना के भौगोलिक प्रसार का तुलनात्मक आंकड़ा पेश किया। निकोलेलिस ने पाया कि जिन देशों में इस साल या पिछले डेंगू का प्रकोप बहुत तेजी से फैला था, वहां पर कोरोना वायरस का संक्रमण कम है और कम मामले में सामने आ रहे हैं।

### शी जिनपिंग के आलोचक को 18 साल जेल की सजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। कोरोना वायरस से निपटने के मुद्दे पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सार्वजनिक रूप से आलोचना करना चीन के एक दिग्गज बिजनसमैन को बड़ा भारी पड़ गया। सरकारी रियल एस्टेट कंपनी के पूर्व अध्यक्ष रेन झिकियांग को भ्रष्टाचार के आरोप में 18 साल के लिए जेल भेज दिया गया है। इससे पहले चीनी अरबपति को सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। चीन की राजधानी पेइचिंग की एक अदालत ने कहा कि रेन झिकियांग भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए हैं। रेन पर करोड़ों डॉलर की घूस लेने का भी आरोप लगाया गया था। जज ने रेन को 18 साल जेल की सजा सुनाई और छह लाख 20 हजार डॉलर का जुर्माना भी लगाया।

## चीनी सेना ने तिब्बत में दागी किलर मिसाइलें, बरसाए गोले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। भारत और चीन में जारी भारी तनाव के बीच चीनी सेना पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने लद्दाख के पास अपने इलाके में रात में हमले का व्यापक युद्धाभ्यास किया है। इस अभ्यास के दौरान चीनी तोपों ने जहां गोले बरसाए, वहीं जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का भी परीक्षण किया गया। चीनी सेना के एयर डिफेंस सिस्टम ने दुश्मन के हवाई जहाजों को भी मार गिराने का अभ्यास किया। चीन के सरकारी भोपू ग्लोबल टाइम्स ने एक वीडियो जारी करके बताया कि तिब्बत सैन्य कमांड के चीनी सैनिकों ने रात में हमले का व्यापक अभ्यास किया है। यह अभ्यास समुद्र तल से 4500 मीटर की ऊंचाई पर किया गया। इस दौरानी चीनी सेना ने सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, रॉकेट और होवित्जर तोपों का इस्तेमाल किया। चीनी एयर डिफेंस सिस्टम ने फाइटर जेट को मार गिराने का अभ्यास किया।

**राफेल लद्दाख के आसमान में उड़ान भर रहा:** चीन ने यह युद्धाभ्यास ऐसे समय पर किया है जब भारत का सबसे आधुनिक फाइटर जेट राफेल लद्दाख के आसमान में उड़ान भर रहा है। सूत्रों के मुताबिक राफेल पायलटों ने अंबाला से लद्दाख तक विमानों को उड़ाया। दरअसल, ये एक प्रैक्टिस के तौर पर किया गया।



## चुनाव में बाइडेन की जीत की संभावना ज्यादा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनावी जंग और भी ज्यादा दिलचस्प होती दिखाई दे रही है। चुनाव से पहले के पोल में डेमोक्रैट कैंडिडेट जो बाइडन रिपब्लिकन कैंडिडेट डोनाल्ड ट्रंप से आगे निकलते दिखाई दे रहे हैं। सर्वे में बाइडन के जीतने की संभावना ज्यादा बताई गई है। हालांकि, इन पोल्स में भी यह साफ कहा जा रहा है कि 2016 के चुनाव में भी डेमोक्रैट कैंडिडेट हिलरी क्लिंटन आगे दिखाई दे रही थीं और ऐन मौके पर पासा पलट गया। सर्वे के मुताबिक कोलंबिया, वर्मोन्ट, हवाई, मैसच्यूसेट्स, कैलिफोर्निया, मैरीलैंड, न्यूयॉर्क, वॉशिंगटन, रोड आइलैंड जैसे स्टेट्स में जो बाइडन को साफ बढ़त मिलती दिख रही है। नेब्रास्का, व्योमिंग, वेस्ट वर्जीनिया, ओकलाहोमा, इडाहो, नॉर्थ डकोटा, केंटकी जैसे स्टेट्स में ट्रंप आगे दिखाई दे रही है।

## अक्साई चीन में तैनात की किलर परमाणु मिसाइलें, पूरे भारत में मचा सकती हैं तबाही

तनाव के बीच चीन के इरादे बेहद खतरनाक होते जा रहे हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। लद्दाख में भारत के साथ तनाव के बीच चीन के इरादे बेहद खतरनाक होते जा रहे हैं। भारत और चीन के बीच कई दौर की बातचीत के बेनतीजा रहने के बाद चीनी सेना अब बड़े पैमाने पर घातक हथियारों की तैनाती में जुट गई है। पीपल्स लिबरेशन आर्मी लद्दाख से सटे चीनी कब्जे वाले अक्साई चिन इलाके में मध्यम दूरी तक मार करने वाली किलर मिसाइलें तैनात कर रहा है। इन मिसाइलों की रेंज और संख्या इतनी ज्यादा है कि चीनी सेना पूरे भारत को निशाना बना सकती है। उधर, चीनी सेना का मुकाबला करने के लिए भारतीय सेना ने भी बड़े पैमाने पर घातक हथियारों की तैनाती है।

रिपोर्ट के मुताबिक चीन भारत को धमकाने के लिए अक्साई चिन में बड़ी संख्या में मध्यम दूरी तक मार करने वाली मिसाइलें तैनात कर रहा है। सैटलाइट से मिली तस्वीरों से पता चला है कि पूरे अक्साई चिन इलाके में स्थित चीनी एयर बेस को चीन ने मिसाइलों, तोपों और लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम रॉकेट से पाट दिया है। इसके अलावा चीन मिसाइलों को छिपाने के लिए जमीन के अंदर ठिकाने बना रहा है। इससे वे सैटलाइट की पकड़ में नहीं आएंगी और किसी हमले में नष्ट भी नहीं होंगी।

**साउथ चाइना सी की रणनीति दुहरा रहा चीनः** इसके अलावा सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें भी इन चीन सैन्य ठिकानों पर देखी गई हैं। चीन ने इसी तरह की रणनीति साउथ चाइना सी में अपनाई थी और वहां अभ्यास कर रहे अमेरिकी नौसेना के एयरक्राफ्ट कैरियर को धमकाने के लिए अपनी DF–26 और DF 21–D मिसाइलों को तैनात किया था। अगर भारत और चीन में सहमति बनती भी है तो इन मिसाइलों को अक्साई चिन से हटाने में काफी समय लगेगा। विश्लेषकों का मानना है कि चीन भारत के साथ मनोवैज्ञानिक युद्ध लड़ रहा है।

## कंसास सिटी में गोलीबारी में एक बच्चे की मौत, दो वयस्क घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कंसास सिटी। कंसास सिटी में सोमवार दोपहर गोलीबारी में पांच साल के एक बच्चे की उस वक्त मौत हो गई और दो वयस्क घायल हो गए जब उनकी गाड़ी पर किसी ने गोली चला दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी अपराह्न तीन बजे के करीब हुई। इसके बाद कार के चालक ने स्थानीय अग्निशमन केन्द्र से मदद मांगने के लिए गाड़ी रोकी। पुलिस ने बताया कि अग्निशमन व आपातकालीन चिकित्सा सेवा (ईएमएस) कर्मी ने व्यक्ति, महिला और बच्चे की मदद की और उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां बाद में बच्चे की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि वाहन एक घर के सामने रूका तभी किसी ने वाहन पर बाहर से कई गोलियां चलाईं जो तीनों लोगों को लगी। वहीं घटनास्थल पर मौजूद एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कार में एक और व्यक्ति था जिसे गोली नहीं लगी।